**Need to include Etah as a tourist destination in the list of 50 tourist destinations to be developed through ?challenge mode? ? Laid**

श्री देवेश शाक्य **(एटा) :** रोजगार आधारित विकास के लिए पर्यटन, देशभर के प्रमुख 50 पर्यटन स्थलों को राज्यों के सहयोग से चैलेंज मोड के तहत विकसित किया जाएगा । मैं माननीय संस्कृति मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र एटा, कासगंज में दो बड़ी महान विभूतियों की जन्म स्थली है । पहले अमीर खुसरो और दूसरे गोस्वामी तुलसीदास दोनों ही गंगा जमुनी तहजीब के प्रतीक हैं । एक ने सूफी प्रेम तो दूसरे ने भक्ति की धारा बहाई । दोनों ने सामाजिक समरसता, प्रेमभक्ति और लोक भाषा को अपनाकर अपने योग को नई दिशा दी । इनकी रचनाएँ आज भी भारत की संस्कृति, एकता और धार्मिक सद्भावना को जीवित बनाए हुए हैं तथा पास में ही एक जगह अंतरजी खेड़ा और सेंकिसा है जो कि बौद्ध विरासत के साथ साथ पर्यटक स्थल भी है । अत: मेरा निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र को प्रमुख 50 पर्यटन स्थलों में शामिल करके विकसित कराया जाए ।